oभारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1029
दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 / 13 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

आयुष्मान सीएपीएफ स्वास्थ्य योजना

1029# श्री शंभू शरण पटेलः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष्मान सीएपीएफ स्वास्थ्य योजना को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कब से शुरु किया गया है;
(ख) आयुष्मान सीएपीएफ स्वास्थ्य योजना का लाभ कौन उठा सकता है;
(ग) इस योजना के तहत वर्तमान में कितने आयुष्मान सीएपीएफ कार्ड जारी किए हैं; और
(घ) इस योजना के तहत कितने दावों का निपटान किया गया है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): आयुष्मान सीएपीएफ स्वास्थ्य योजना 23 जनवरी, 2021 को शुरू की गई थी।

(ख): केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, असम राइफल्स, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के सेवारत कार्मिक और उनके आश्रित आयुष्मान सीएपीएफ स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकते हैं।

(ग): इस योजना के तहत 41,21,443 आयुष्मान सीएपीएफ कार्ड (आईडी) बनाए गए हैं।

(घ): दिनांक 28.11.2024 तक, इस योजना के तहत 14,77,064 दावों का निपटान किया गया है।

*****